## नववर्ष मनाया

**भरतपुर** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर नगर के नये सत्र में रचना योजनान्तर्गत पॉच उपनगरों में आज 30.03.2025 चैत्र शुक्ल एकम को वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम आयोजित किये गये।

प्रथम कार्यक्रम श्रीकृष्ण उपनगर के एमएसजे कॉलेज प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होटल व्यवसायी एवं समाजसेवी श्री हरभान सिहं जी एवं मुख्य वक्ता संघ के जिला कार्यवाह श्री हरगोविन्द जी रहे। द्वितीय कार्यक्रम जवाहर नगर उपनगर के आदर्श विद्या मन्दिर जवाहर नगर भरतपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर मनोज कुमार एवं मुख्य वक्ता संघ के नगर कार्यवाह श्री सौरभ जी राजपूत रहे। तृतीय कार्यक्रम रणजीत नगर उपनगर के आदर्श विद्या मन्दिर भरतपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लोकेन्द्र सिहं जी कोषाधिकारी भरतपुर एवं मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह श्री मेघश्याम जी रहे। चतुर्थ कार्यक्रम केशव उपनगर के गौरव बेटी पार्क भरतपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख उद्योगपति श्री मोहन जी बंसल एवं मुख्य वक्ता भरतपुर माननीय विभाग संघचालक श्री भागीरथ सिहं जी रहे। पंचम कार्यक्रम सेवर उपनगर के श्री बृजेन्द्र बिहारी मन्दिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन सिहं जी थे।

# जगदीश धाम कैमरी में रंगोली बनाकर हिन्दू नववर्ष का किया स्वागत

**हिंडौन सिटी।** गुर्जर समाज युवा संघ और हिन्दू संगठनों की ओर से रविवार को जगदीश धाम कैमरी के मंदिर प्रांगण में हिन्दू नववर्ष का अभिनंदन किया गया । जगदीश मंदिर प्रांगण में इंजी. भूपेन्द्र अधैत और तुलसीराम खटाना के नेतृत्व में आयोजित हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे के चंदन का टीका लगाकर और मंदिर प्रांगण में रंगोली बनाकर हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी ।इंजी. भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि यह आयोजन युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का सुंदर प्रयास है । खटाना ने बताया कि भारतवर्ष में पुरातन काल से ही हिंदुओं का नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है हिन्दू संगठन के सरसंघचालक तुलसी राम खटाना, आचार्य रामदयाल योगी ने बताया कि इसी दिन स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना एवं संघ संस्थापक डॉ केशव बलीराम हेडगेवार की जन्मतिथि भी इसी दिन मनाई जाती है । इस अवसर पर जगदीश धाम में लोगों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर व मिठाई बांटकर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर तुलसीराम खटाना, भूपेन्द्र खटाना अधैत, अध्यापक रामदयाल योगी, सियाराम वकील, शेरसिंह खटाना, रौनक शर्मा, हरिचरण शर्मा कैमरी, प्राथमिक वर्ष शिक्षित सौरभ शर्मा, कुलदीप खटाना केडी, अन्नू अधैत, चरणसिंह पटेल, पदम सिंह खटाना, अतर खटाना बाड़ा, सुंदर योगी, मनोज खटाना, जयवीर खटाना ढंड का पुरा, रामकेश खटाना ढंड का पूरा सहित कई ग्रामीणों ने एक दूसरे के गले मिलकर हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी ।

**जगदीश मंदिर प्रांगण में इंजी. भूपेन्द्र अधैत और तुलसीराम खटाना के नेतृत्व में आयोजित हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे के चंदन का टीका लगाया।**

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया नववर्ष

**करौली** । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के सदस्यों द्वारा रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर संगठन के शिक्षक सदस्यों ने विवेकानंद तिराहा गुलाब बाग पर एकत्रित होकर नागरिकों को रोली टीका लगा कर तथा मिश्री से मुंह मीठा कर नूतन संवत्सर की बधाई दी। इस अवसर पर राजेन्द्र दीवान,शांतनु पाराशर व संजय मुद्गल ने तिराहे को रंगोली बनाकर सजाया तथा मानव श्रृंखला बना कर चैत्र नवसंवत्सर हमारा नववर्ष के जयघोष के साथ एकजुटता का सन्देश दिया। संघ के सदस्यों ने भारतमाता,सनातन धर्म व वन्दे मातरम की जय जय कार के साथ वातावरण को गुंजायमान कर भारतीय नव वर्ष मनाने का आव्हान किया।इस दौरान कैलादेवी पदयात्रियों को छाछ की थैलियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना,उपशाखा करौली अध्यक्ष राजेन्द्र दीवान,गब्बूसिंह, सूरज मित्तल,गोपाल गुप्ता, मासलपुर अध्यक्ष रामराज मीना,फूलसिंह,राधे श्याम,शांतनु पाराशर,संजय मुद्गल, सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### दी नव संवत्सर की बधाई

**गंगापुर सिटी** । मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में नव संवत्सर का कार्यऋम आयोजित किया गया। संस्थान के सचिव विनोद आपणो मार्ट ने बताया की हिंदू नव वर्ष, नव संवत्सर 2०82, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को बडे धूमधाम से मनाया गया। प्राइवेट बस स्टैंड के सामने नरूका पेट्रोल पंप पर कार्यऋम आयोजित किया गया जिसकी शुरुआत भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर एवं नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने गन्ने का जूस पिलाकर नव संवत्सर की शुभकामनाएं राहगीरों को देकर की। इस मौके पर अतिथियों एवं राहगीरों के तिलक चंदन लगाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने सभी शहरवासियों को नव संवत्सर की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत 2०82 के साथ-साथ राजस्थान दिवस एवं नवरात्रा घट स्थापना का पावन दिवस है। सनातन संस्कृति में आज के दिन बहुत ही महत्व है। हमारे शहर में सुख शांति समृद्धि खुशहाली आवे, लोगों का विकास हो, क्षेत्र का विकास हो इस तरह की कामना परमात्मा पूरी करें। नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने भी शहरवासियों को नव संवत्सर की बधाई दी। अग्रवाल ने कहा कि नव संवत में शहर में खुशहाली आवे, शहर विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करें। नव संवत्सर के कार्यऋम के मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष धन सिंह गुर्जर, प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन के अध्यक्ष दीपक सिंह नरूका, मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद मोदी, सचिव विनोद आपणो मार्ट, कोषाध्यक्ष विमल पारले, संरक्षक विजय गोयल, संजय ठीकरिया एवं रितेश पाल्लीवाल, अंकित गोयल, उपाध्यक्ष दिनेश करणपुर, रवि मंगल, महेश आरेड्या, अनुज जैन, सुनील अतेवा, डॉ राहुल गुप्ता, महेश सर्वेयर, राधा रमन शर्मा, शिवचरण गुप्ता बीओबी वाले, राधा रमन गुप्ता, आलोक मालधनी, धीरेंद्र गुर्जर, राजेंद्र सिंह जादौन आदि अनेक सदस्य एवं महानुभाव उपस्थित रहे।

### भगवान सिंह के ऑडिनेटर बनने पर खुशी

**भरतपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कुमारी मायावती द्वारा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा को केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर पार्टी संगठन में खुशी जाहिर की हैं। जॉन इंचार्ज मोती सिंह पार्षद ने बताया कि भगवान सिंह बाबा काफी पुराने, अनुभवी एक सच्चे बसपा के कार्यकर्त्ता हैं आज उन्हें केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बनाए जाने पर भरतपुर कार्यकर्त्ताओं में खुशी है। बाबा को केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बनने पार्टी संगठन में मजबूती मिलेगी। आगामी पंचायत निकायों चुनावों में पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### पुनरीक्षण कार्यक्रम 31 तक

**करौली** (निं.सं.) उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं में 1 जून 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक रिक्त हुए पदों के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रेषित करने हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाअधिकारी सपोटरा, हिण्डौन, श्रीमहावीरजी व टोडाभीम को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 9 अप्रैल को, दावा एवं आक्षेपों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल एवं निस्तारण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल व पूरक सूचीयों की तैयारी 3 मई वहीं निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 5 मई को किया जाएगा।

### अंतिम तिथि 17 अप्रैल

**करौली** । जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि नगरपालिका वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार वार्डो के गठन एवं परिसीमांकन के निर्देश दिये गये है। स्वायत्त शासन विभाग के उक्त पत्र के अनुसार नगरपरिषद करौली में 55 वार्ड, नगरपालिका टोडाभीम में 35 वार्ड व नवगठित नगरपालिका मण्डरायल में 20 वार्डों की संख्या निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जन साधारण द्वारा 17 अप्रैल तक आपत्तियॉ प्रस्तुत की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उक्त अवधि कर समाप्ति के पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### उपयोगकर्ता अभिवृद्धि अभियान शुरू

**करौली** । जिला पुस्तकालयाध्यक्ष रामनिवास मीना ने बताया कि सार्वजनिक जिला पुस्तकालय 1 अप्रैल 2025 से पुस्तकालय पाठकों की सदस्यता पंजीकरण एवं नवीनीकरण के साथ उपयोगकर्ता अभिवृद्धि अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समसामयिक प्रतियोगी पत्रिकाऐं, पर्याप्त पुस्तकें, शांत वातावरण, फिल्टर पेयजल के साथ निः शुल्क वाई-फाई युक्त सुविधा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले पाठकों (बालक-बालिकाओं) के लिए पृथक-पृथक अध्ययन कक्ष पाठकों व आमजन को उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन व पाठका सदस्यता पंजीकरण करवाए।

### अवैध हथियार सहित एक पकड़ा

**गंगापुर सिटी** । वजीरपुर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक चोरी की बाइक भी जब्त की है। वजीरपुर पुलिस ने मैडी निवासी रोहित उर्फ गोलू मीना (23) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज किया है। वजीरपुर थाने में दर्ज मुकदमा नंबर 55/2०25 की जांच हेड कॉन्स्टेबल प्रकाशचंद कर रहे हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। इस पूरी कार्रवाई की निगरानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और उप अधीक्षक संतराम मीणा ने की। टीम का नेतृत्व हेड कॉन्स्टेबल दिलीप सिंह ने किया। इस टीम में कॉन्स्टेबल संजीव, राहुल और मानवेन्द्र भी शामिल रहे।

## पद यात्रियों को कराया चय नाश्ता

**करौली** । विश्व हिंदू परिषद एवं भूतपूर्व सैनिक संघ के तत्वाधान में मासलपुर चुंगी नाका तिराहे पर रंगोली बनाकर तथा विहिप एवं भूतपूर्व सैनिक संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न प्रांत एवं विभिन्न स्थानों से कैलामाता के पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को चाय नाश्ता के साथ तिलक लगाकर शुभकामना प्रेषित की गई ।

- **उत्साह के साथ कैलामाता तथा जय श्री राम के नारे लगाकर एक दूसरे को नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं ।**

इस अवसर पर कैलामाता के पैदल श्रद्धालुओं के द्वारा भी उत्साह के साथ कैलामाता तथा जय श्री राम के नारे लगाकर एक दूसरे को नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह एवं नरेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि इस मौके पर जिला संघ चालक देवी सिंह बदनपुरा,ऊधौ सिंह एडवोकेट, प्रदीप सिंह, शांतनु पाराशर,गजानंद खेडिया,अतर सिंह,तेजेंद्र सिंह,हाकिम सिंह चांदपुरा,नरेश सिंह बिनेगा,गोपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह मांची,अशोक सिंह महोली, प्रहलाद सिंह, राधा मोहन सिंह, राजेंद्र सिंह भैंसाबट एवं अन्य काफी तादात में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहकर यात्रा शुभ मंगल मय होने की कामना की गई।

## महापंचायत में लिए कई निर्णय

**करौली** । करौली में डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में जाटव बैरवा समाज कि जिला स्तरीय महापंचायत का आयोजन हुआ। महापंचायत की अध्यक्षता फूलचंद जाटव ने की।

आयोजित महापंचायत के दौरान समाज सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मृत्युभोज में किसी भी तरह का भोज नहीं करने का फैसला किया गया। शादी-विवाह में दिखावे के नाम पर होने वाले खर्चों पर पूर्ण रोक लगाई गई। बारात की चढ़ाई और निकासी में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया। दहेज लेने और देने पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्णय लिया गया। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। महापंचायत में नशे के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया गया। शराब के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने का निर्णय लिया ।

# रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

**करौली** । राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव कि श्रंखला के तहत मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 173 नव नियुक्त चयनितों को वेलकम किट और लोक सेवक के दायित्व प्रदान कर प्रमाण पत्र किये वितरीत किये।

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव कि श्रंखला में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का राज्य स्तर पर शनिवार को कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कि गरिमामयी उपस्थित में आयोजित किया गया। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम के द्वारा सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 147,वन विभाग के 2, शिक्षा विभाग के 4, समेकित बाल विकास सेवा योजना में 10, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में 8 व महिला सशक्तिकरण में 2 नव नियुक्त चयनितों को वेलकम किट और लोक सेवक के दायित्व प्रदान कर प्रमाण पत्र वितरीत किये गये। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने नव नियुक्तों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कि मंशानुरूप एक वर्ष में ही सवा लाख नव नियुक्त को नियुक्ति पत्र प्रदान करना एक ऐतिहासिक कदम है। रोजगार उत्सव के आयोजन का उद्देश्य नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र देने के साथ साथ जो अभ्यर्थी कुछ अंको से पिछे रह गये है को अभिप्रेरित करना है। जिससें उनके मन में भी यह विश्वास रहे की मेहनत करके सफल होने पर हमें भी इसी प्रकार नियुक्ति पत्र प्राप्त होंगे और वो और उत्साह व आत्मविश्वास के साथ मेहनत कर सफलता के पायदान पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

## राजस्थान दिवस पर फोटो प्रदर्शनी आयोजित

**करौली** । राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के दौरान राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिले में रविवार को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ उपखण्ड अधिकारी प्रेमराज मीणा, सूचना एवं जन संपर्क के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा ने फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में जिले की पर्यटन स्थल श्रीमहावीरजी मंदिर, तिम्मनगढ का किला, गढमोरा का प्राचीन कुंड, शहर का किला, कैलादेवी मंदिर, पांचना बांध, करणपुर माता मंदिर, घडियाल अभ्यारणय, गोपाल सिंह जी की छतरी, अंजनी माता मंदिर, रणगवा तालाब, महेश्वरा झरना, बैठे हनुमान जी मंदिर, सिटी पैलेस, कबीर शाह की मजार, शिकार महल, शाही कुंड सहित अन्य पर्यटन स्थलों का फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया एवं छात्र-छात्राओं एवं आमजन को इनके इतिहास के बारे मे जानकारी दी।

## ज्योतिबा फुले जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

**करौली** (निं.सं.) जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिवार में रविवार को संस्थान कि बैठक संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में माली समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और पंच पटेलों ने भाग लिया। बैठक में जयंती समारोह धूमधाम से मनाने विद्यालय स्तर पर दो वर्गों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम तीन तीन विद्यार्थियों को जयंती समारोह में सम्मानित किया जाएगा साथ ही छात्रावास के निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यालय स्तर पर कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई और आगामी 2 नवंबर 2025 को होने वाले सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की कार्य योजना बनाई गई।बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक को कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी महासभा अध्यक्ष अमरसिंह ,पूर्व संस्थान अध्यक्ष रामगोपाल माली,रामसिंह सरपंच पार्षद नाहर सिंह, संस्था सचिव रामगोपाल माली, कोषाध्यक्ष कल्याण माली,संस्था के सक्रिय सदस्य गोपाल लाल माली, डगासरा अध्यक्ष श्रीफुल पटेल, जिला उपाध्यक्ष आदी उपस्थित रहे।

## निकाली रन फॉर फिट रैली

**करौली** । राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को रन फॉर फिट राजस्थान दौड रैली को सर्किट हाउस से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, उपखण्ड अधिकारी प्रेमराज मीणा, सहायक कलेक्टर धर्मेन्द्र वर्मा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी इन्द्रेश तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली सर्किट हाउस से प्रारंभ होकर कलेक्ट्री सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। रैली में स्काउट गाइड, स्कूली छात्र छात्राऐ, एनसीसी, आंगनबाडी कार्यकर्ता अपने हाथों में बैनर लेकर देश भक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके पश्चात सूचना केन्द्र परिसर मे लोककलाकारों कमलेश गुरू सहित अन्य के द्वारा देश भक्ति, राजस्थानी गीत एवं लांगुरिया गीत कार्यक्रम, राजस्थानी संस्कृति के गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**करौली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मान की बात कार्यक्रम का 120वे संस्करण को भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में सभी शक्ति केंद्रों पर टीवी एवं मोबाइल के माध्यम से सुना व देखा गया।

- **महाराणा प्रताप शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 132 पर नगर परिषद सभापति डॉक्टर राजरानी शर्मा, विद्या वैष्णव, अमिता चतुर्वेदी आदि दर्जनों महिलाओं ने कार्यक्रम को देखा और सुना**

महाराणा प्रताप शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 132 पर नगर परिषद सभापति डॉक्टर राजरानी शर्मा, विद्या वैष्णव, अमिता चतुर्वेदी आदि दर्जनों महिलाओं ने कार्यक्रम को देखा और सुना। वीर सावरकर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 111 पर शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, वीरेंद्र मित्तल, नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,कपिल देव पाराशर एडवोकेट,राहुल पाराशर आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सुना और देखा। इसी क्रम में सरदार पटेल शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 152 पर शहर मंडल उपाध्यक्ष धन सिंह माली के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षों के साथ कार्यक्रम को सुधार देखा गया।दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 138 पर आशीष जैन के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष अभिषेक तिवारी आदि ने कार्यक्रम को सुना देखा। अटल बिहारी वाजपेई शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 129 पर पंकज अठावाल के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष अंकित गुप्ता आदि ने कार्यक्रम को सुना व देखा।

# भंडारे के आयोजन को लेकर सांसद ने तैयारियों का जायजा लिया

## ‘कर्मचारियों के लिए जाट भवन जिला व प्रदेश में बनाना चाहिए’

**भरतपुर** । जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी का जिला स्तरीय स्नेह मिलन समारोह सोनार हवेली में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा विश्वेन्द्र सिंह पूर्व केबिनेट मंत्री थे। अध्यक्षता पूर्व ए.डी.एम. प्रभाती लाल जाट ने की। विशिष्ट अतिथि हरपाल दादरवाल प्रदेषाध्यक्ष व स्वागताध्यक्ष दौलत सिंह फौजदार थे, अन्य अतिथि जीवन राम गोलिया, हरिराम चोटिया, लोकेष चौधरी, सुभाश चौधरी आदि थे।

महाराजा साहब व अन्य अतिथियों ने महाराजा सूरजमल व वीर तेजाजी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन किया। कवि गोविंद डागुर ने शारदे वन्दना प्रस्तुत की। जिलाध्यक्ष तेजवीर देशवाल ने स्वागत उद्बोदन दिया। प्रदेषाध्यक्ष हरपाल दादरवाल ने संस्था के क्रियाकलापों व सरकार को भेजे मांग पत्र पर विस्तार से बताया। जिसमें कर्मचारियों के लिए जाट भवन जिला व प्रदेश में बनाना, समाज के बच्चों के लिए कोचिंग संस्थान, तेजा बोर्ड व महाराजा सूरजमल कोरिडोर निर्माण, पाठ्य पुस्तकों में महाराजा सूरजमल की जीवनी को पढाया जाना, भरतपुर की जसवंत प्रदर्शनी को राज्य स्तरीय मेला बनाना व महाराजा जसवंत सिंह की मूर्ति लगवाना आदि पर विस्तार से चर्चा की। महाराजा साहब ने भरतपुर के गौरवषाली इतिहास पर प्रकाष डाला तथा जाटों के उत्थान के लिए राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक ऐसी संस्थाओं की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कवि ष्याम सिंह जघीना जिला संरक्षक ने महाराजा सूरजमल पर काव्यमयी प्रस्तुति दी। अभिनेता राजीव चौधरी ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में दौलत सिंह फौजदार, प्रभाती लाल जाट, नैमसिंह फौजदार, प्रेमसिंह कुन्तल पूर्व डी.डी. व प्रदेष व जिले के अनेक कर्मचारी नेताओं ने स्नेह मिलन समारोह को जाट एकता की नई पहल बताया। कार्यक्रम में 10 षहीदों की वीरांगनाओं सहित 600 विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में रिपुसूदन सिंह, कर्नल ओमवीर सिंह, कमाण्डेंट ओमवीर सिंह, दर्याब सिंह संरक्षक, विजय पूनियां, राकेष मदेरणा, कमल सिंह इन्दौलिया, रामवीर जाट, महेष, योगेष चौधरी, सुनील चौधरी, बलराज सिंह, विजय चौधरी, जयपाल सहित प्रदेष, जिले व ब्लॉकों की कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ हजारों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ष्याम सिंह जघीना जिला संरक्षक ने किया तथा तेजवीर सिंह देषवाल व दौलत सिंह फौजदार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**जाट समाज के कार्यक्रम पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने सम्बोधित किया।**

## रेलवे स्टेशन पर किया जल मंदिर का शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी** । रविवार को भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा नवसंवतसर के अवसर पर कैलादेवी यात्रियो के लिए जल मंदिर का शुभारम्भ यात्रियो को शर्वत पिला कर किया गया। जल मंदिर का शुभारम्भ मुख्य अतिथी केएल मीना स्टेशन अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष भाजपा सवाई माधोपुर मानसिंह गुर्जर, नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा, शाखा समन्वयक वेदप्रकाश शर्मा, अनिल खण्डेलवाल, प्रमोद बोहरा, डां धर्मेंद्र मित्तल, डा तुलसीराम गुप्ता, दीवान खंडुंजा, जगदीश हेमनानी, राजेंद्र खारवाल अध्यक्ष, डां एम. एल. गुप्ता आदि ने दीप प्रज्वलन कर सभी को सरबत पिलाकर किया। शाखा सचिव रामदयाल मीना ने बताया की कैलाश चंद खंडेलवाल की माताजी स्व श्रीमती मोती देवी एवं राजेंद्र डांस की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता डांस की स्मृति में जल मंदिर का सम्पूर्ण सहयोग करने की घोषणा की गई। वहीं इस दौरान स्थायी जल मंदिर नवीन अनाज मंडी परिसर प्याऊ में जगदीश प्रसाद मित्तल मावा वाले की और से आर ओ प्लांट लगाने की घोषणा की। अंत में शाखा सचिव रामदयाल मीना ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यऋम का समापन किया। कार्यऋम में अनिल कुमार वैष्णव, आदि उपस्थित रहे।

## आर्य समाज का स्थापना दिवस और नवसंवत्सर मनाया धूमधाम से

गंगापुर सिटी । आर्य समाज गंगापुर सिटी के तत्वाधान में आर्य समाज का 15० वा स्थापना दिवस और नव संवत्सर 2०82 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा बडे ही धूम धाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आर्य समाज गंगापुर सिटी, आर्य समाज भगवती नगर, आर्य वीर दल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में किए गए। प्रवक्ता आशुतोष ने बताया कि व्यापार मंडल स्थित तिराहे पर आर्य समाज गंगापुर सिटी के द्वारा शहर वासियों को तिलक लगाकर और ठंडाई पिलाकर के नव संवत्सर की बधाई दी गई। मंत्री अभिषेक बंसल ने बताया कि आज ही के दिन आर्य समाज की 1० अप्रैल 1875 को स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना की गई थी। आर्य समाज' के माध्यम से उन्होंने हिन्दू धर्म में व्याप्त पाखण्ड और अन्धविश्वासों का विरोध किया। इस बारे में जागरूकता लाने के लिए उन्होंने देश भर का भ्रमण किया। अनेक विद्वानों से उनका शास्त्रार्थ हुआ; पर उनके तर्कों के आगे कोई टिक नहीं पाता था। इससे ‘आर्य समाज’ विख्यात हो गया। स्वामी जी ने बालिका हत्या, बाल विवाह, छुआछूत जैसी कुरीतियों का प्रबल विरोध किया। वे नारी शिक्षा और विधवा विवाह के भी समर्थक थे। धीरे-धीरे आर्य समाज का विस्तार भारत के साथ ही अन्य अनेक देशों में भी हो गया। शिक्षा के क्षेत्र में आर्य समाज द्वारा संचालित डी.ए.वी. विद्यालयों का बडा योगदान है। देश एवं हिन्दू धर्म के उत्थान के लिए जीवन समर्पित करने वाले स्वामी जी को जोधपुर में एक वेश्या के कहने पर जगन्नाथ नामक रसोइये ने दूध में विष दे दिया। इससे 3० अक्तूबर, 1883 (दीपावली) को उनका देहान्त हो गया। कोषाध्यक्ष विश्वबंधु आर्य ने नवसंवत्सर के संबंध में बताया कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि की शुरुआत का दिन माना जाता है। मानव' वेदोत्पति सृष्टि-संवत् 1 अरब 96 करोड 8 लाख 53 हजार 126 वर्ष इस सृष्टि की बने हुए हो गए है और 127 वा वर्ष प्रारंभ हो गया है भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। भारतीय नववर्ष वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास,उमंग, खुशी तथा चारों तरफ पुष्पों की सुगंध से भरी होती है यह समय फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय यही होता है। नव वर्ष के मौके पर शहर के सभी आर्य समाज मंदिरों में विशेष यज्ञ किया गया और विश्व शांति की कामना की गई। इस दौरान कार्यऋम में नरेंद्र आर्य, मदन मोहन गुप्ता, विश्वबंधु आर्य, मनोज आर्य, शुभम आर्य, सुमन आर्य, सुनीता आर्य, शारदा देवी आर्य, सावित्री महारावल, रुक्मणि देवी, हेमलता, ऊषा आदि के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नवसंवतसर पर हुए कई कार्यक्रम आयोजित

**गंगापुर सिटी** । शहर में विभिन्न संगठनों ने कार्यऋमों का आयोजन कर नव संवतसर विऋम संवत 2०82 का स्वागत उत्साह के साथ किया। भारत विकास परिषद शाखा सुभाष ने कोर्ट सर्किल चौराहे पर कार्यऋम आयोजित किया। परिषद के पदाधिकारियों ने लोगों को स्वास्तिक तिलक लगाया और शरबत पिलाया। कार्यऋम में बालकृष्ण गर्ग, डालचंद शर्मा और धनेश शर्मा सहित कई प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा की ओर से फव्वारा चौक पर विशेष कार्यऋम का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर और सभापति शिवरतन अग्रवाल की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। भाजपा युवा मोर्चा के नेता नागेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि भारतीय नव वर्ष पूरे भारतवर्ष में बडे ही धूमधाम से मनाए जाने वाला पर्व है। इसके तहत नव ऋतु का आगमन हिंदू परंपरा अनुसार किया जाता है। इस दौरान युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा कचहरी रोड, माल गोदाम रोड, नेहरू पार्क, पुलिस विभाग के कर्मचारी एवं गंगापुर सिटी के आम नागरिकों को तिलक लगाकर नव संवत्सर 2०82 कि शुभकामनाएं दीं।